पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

12 अगस्त, 2021

पीएफसी को "रणनीतिक कार्य-निष्पादन" के लिए प्रतिष्ठित "गवर्नेंस नाउ" पुरस्कार से सम्मानित किया गया

नई दिल्ली, अगस्त 11, 2021: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) देश के विद्युत क्षेत्र में अग्रणी एनबीएफसी को गवर्नेंस नाउ द्वारा आयोजित 8वें पीएसयू पुरस्कारों के दौरान "रणनीतिक कार्य-निष्पादन" की श्रेणी में "गवर्नेंस नाउ" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

श्री कैलाशनाथ अधिकारी, एमडी, गवर्नेंस नाउ ने श्री पी.के. सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक) और परियोजना (अतिरिक्त प्रभार) और श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक, (वित्त) की उपस्थिती में श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, सीएमडी, पीएफ़सी को यह पुरस्कार प्रदान किया।

पीएफसी ने सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के साथ एक मजबूत प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए कई रणनीतिक पहल की हैं, जो कि मौजूदा बाजार के माहौल के अनुकूल हैं, जिसमें डिजिटलीकरण एक प्रमुख प्रवर्तक है।

यह पुरस्कार पीएफसी के कार्य-निष्पादन का प्रमाण है जिससे कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड ऋण राशि का वितरण किया है और भारत सरकार की आत्मानिर्भर योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)